# कार्यालयः नगर निगम, गोरखपुर

## निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम सीमान्तर्गत वाहन पार्किंग स्थलों से पार्किंग शुल्क वसूली के लाईसेन्स की नीलामी हेतु कार्यादेश की तिथि से वित्तीय वर्ष 2020–21 (माह जुलाई, 2020 से 31 मार्च, 2021) तक के लिए मुहरबन्द निविदा/ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। मुहरबन्द निविदा दिनांक 16.07.20को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 1.00 बजे अपरान्ह् तक कार्यालय से प्राप्त किये गये फार्म पर भरकर अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा तथा उसके तत्काल बाद उसी दिन निविदादाताओं के उपस्थिति में खोला जायेगा। मुहरबन्द निविदा फार्म शुल्क व नियम/शर्ते रूपया 1180/2360/–(18% जी0 एस0 टी0 सहित) नगद जमा करके कार्यालय रेन्ट विभाग, नगर निगम, गोरखपुर से प्राप्त किया जा सकता है तथा नगर निगम के वेबसाईड www.nagarnigamgkp.org से डाउनलोड किया जा सकता है। मुहरबन्द निविदा हेतु निविदा फार्म, निविदा तिथि के एक दिन पूर्व अपरान्ह् 3.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

आन–लाईन ई–निविदा आमंत्रित सम्बन्धित निविदा प्रपत्र एवं शर्ते वेबसाईट "http://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध होगा। आन–लाइन बिड दिनांक 17.07.20 को सायं 4:00 बजे तक या इससे पूर्व ई–निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से आनलाइन जमा किया जाना होगा। पार्किगं स्थल निविदा का विवरण निम्नवत् है:–

## मुहरबन्द निविदा

| क्र0सं0 | स्थल का नाम | स्थल | न्यूनतम निर्धारित/ अपेक्षित धनराशि | धरोहर धनराशि | कुल निविदा फार्म मूल्य जी0एस0टी0सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम परिसर स्टैण्ड, दो पहिया / चार पहिया वाहन | नगर निगम परिसर स्टैण्ड, मा0 महापौर/ मा0 पार्षद/ अधिकारीगण /कर्मचारियों के लिए निशुल्क आरक्षित। | 83332.00 | 8400.00 | 1180.00 |
| 2 | शाहपुर टैक्सी स्टैण्ड, जीप /टैक्सी/टैम्पों(विक्रम मार्का 6 सीटर) | राप्तीनगर बस डिपो, शाहपुर थाना के आगे उत्तरी सड़क पटरी पर | 980455.00 | 99000.00 | 2360.00 |
| 3 | नगर निगम परिसर स्थित कैन्टीन के लाइसेन्स की नीलामी | | 92080.00 | 9300.00 | 1180.00 |

## ई–निविदा

## बस/टैक्सी स्टैण्ड, पार्किग स्थल

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | स्थल | न्यूनतम निर्धारित/अपेक्षित धनराशि | धरोहर धनराशि | कुल निविदा फार्म मूल्य जी0एस0टी0सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहद्दीपुर बस / टैक्सी स्टैण्ड, जीप/टैक्सी/टैम्पों (विक्रम मार्का 6 सीटर) | राजकीय उद्यान (व्ही पार्क के समीप) | 1098900.00 | 110000.00 | 2360.00 |
| 2 | नार्मल टैक्सी स्टैण्ड, जीप/ टैक्सी/टैम्पों (विक्रम मार्का 6 सीटर) | नार्मल तिराहा के पास सड़क के पूर्वी पटरी पर ट्रान्सफार्मर के दक्षिण से नार्मल स्कूल के दक्षिण गेट तक | 1368153.00 | 137000.00 | 2360.00 |

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

नगर आयुक्त
नगर निगम, गोरखपुर

अपर नगर आयुक्त/नगर आयुक्त महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि नगर निगम सीमान्तर्गत दो पहिया/चार पहिया, पार्किंग स्थल की निविदा में गतवर्ष की निविदा धनराशि में 10% की बढ़ोत्तरी करतें हुए निविदा वित्तीय वर्ष 2020–21 (माह जुलाई, 2020 से 31 मार्च, 2021) तक के लिए **मुहरबन्द निविदा** आमंत्रित की जानी है। साथ ही अवगत कराना है कि चूँकि यह निविदा की धनराशि रूपया 10,00000/– से कम होने के कारण बाक्स निविदा कराया जाना है। मुहरबन्द निविदा दिनांक 16.07.20को पूर्वान्ह 11.00 बजे से 1.00 बजे अपरान्ह तक कार्यालय से प्राप्त किये गये फार्म पर भरकर अपर नगर आयुक्त महोदय के कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाला जायेगा तथा उसके तत्काल बाद उसी दिन निविदादाताओं के उपस्थिति में खोला जायेगा। निविदा फार्म शुल्क व नियम/शर्ते रूपया 1180/2360/–(18% जी0 एस0 टी0 सहित) नगद जमा करके कार्यालय रेन्ट विभाग, नगर निगम, गोरखपुर से प्राप्त किया जा सकता है। तथा नगर निगम के वेबसाईड www.nagarnigamgkp.org से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा फार्म, निविदा तिथि के एक दिन पूर्व अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

इसी क्रम में नगर निगम सीमान्तर्गत बस/टैक्सी स्टैण्ड, पार्किंग स्थल की निविदा में गतवर्ष की निविदा धनराशि में 10% की बढ़ोत्तरी करतें हुए निविदा वित्तीय वर्ष 2020–21 (माह जुलाई, 2020 से 31 मार्च, 2021) तक के लिए **ऑन लाईन, ई–निविदा आमंत्रित** की जानी है। ई–निविदा सम्बन्धित निविदा प्रपत्र एवं शर्तें वेबसाईट "http://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध होगा। ऑन–लाइन बिड दिनांक 17.07.20 को सायं 4:00 बजे तक या इससे पूर्व ई–निविदा वेवासाइट http://etender.up.nic.in पर अनिवार्य रूप से आनलाइन जमा किया जाना होगा।

## मुहरबन्द निविदा का विवरण

| क्र0सं0 | स्थल का नाम | स्थल | न्यूनतम निर्धारित / अपेक्षित धनराशि | धरोहर धनराशि | मकुल निविदा फार्म मूल्य जी0एस0टी0सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम परिसर स्टैण्ड, दो पहिया / चार पहिया वाहन | नगर निगम परिसर स्टैण्ड, मा0 महापौर/ मा0 पार्षद/ अधिकारीगण /कर्मचारियों के लिए निशुल्क आरक्षित। | 83332.00 | 8400.00 | 1180.00 |
| 2 | शाहपुर टैक्सी स्टैण्ड, जीप /टैक्सी/टैम्पों(विक्रम मार्का 6 सीटर) | राप्तीनगर बस डिपो, शाहपुर थाना के आगे उत्तरी सड़क पटरी पर | 980455.00 | 99000.00 | 2360.00 |
| 3 | नगर निगम परिसर स्थित कैन्टीन के लाइसेन्स की नीलामी | | 92080.00 | 9300.00 | 1180.00 |

### नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित टैक्सी स्टैण्डों से पार्किंग शुल्क वसूली के लाइसेन्स हेतु मुहरबन्द निविदा की नियम एवं शर्तें:–

1– निविदा फार्म के साथ चरित्र प्रमाण पत्र जो जिलाधिकारी द्वारा जारी किया गया हो तथा वैधता अवधि के भीतर हो संलग्न अनिवार्य होगा।

2– निविदा फार्म के साथ वांछित धरोहर धनराशि का डी0डी0/बैंकर्स चेक, लेखाधिकारी नगर निगम, गोरखपुर के पक्ष में देय होगा। जिसे अनिवार्य रूप से संलग्न करना आवश्यक है। अन्यथा की स्थिति में निविदा मान्य होगा।

3– निविदा की स्वीकृति तिथि से पार्किंग शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि (मय 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त) निविदा स्वीकृत होने सम्बन्धित पत्र निर्गत होने के तिथि से एक सप्ताह के भीतर निविदादाता को जमा करना अनिवार्य होगा। स्वीकृत निविदा की सम्पूर्ण धनराशि निर्धारित अवधि में जमा न करने की स्थिति में जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

4– स्वीकृत निविदा की धनराशि पर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर पर सम्पूर्ण धनराशि जमा होने के एक सप्ताह के अंदर अनुबन्ध पत्र निष्पादित करना आवश्यक होगा। स्टैम्प पेपर की देयता यदि घटती बढ़ती है तो उसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

5– निर्धारित स्थलों पर उनके सामने उल्लिखित वाहनों के अलावा अन्य वाहनों का विश्राम निषिद्व होगा।

08/7/2020

9/7/2020

6— पार्किग शुल्क नगर निगम के नियमावली में उल्लिखित दर से वसूली करना होगा तथा प्रत्येक वाहन के लिए रसीद दिया जाना आवश्यक होगा।

7— पार्किग स्थल पर स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण रोकने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

8— ठेकदार द्वारा अवैध वसूली किये जाने के कारण यदि ठेका निरस्त होता है, तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

9— पार्किग स्थल पर रेट सूची बोर्ड लगाने की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

10— पार्किग शुल्क वसूली की दरें निम्नवत् हैः—

**दो पहिया/ चार पहिया पार्किगं शुल्क की दरें रूपये में।**

| क्रमांक | वाहन का विवरण | दैनिक |
|---|---|---|
| 1 | साइकिल | 02.00 |
| 2 | दोपहिया वाहन/ मोटर साईकिल /स्कूटर | 05.00 |
| 3 | चार पहिया वाहन कार /जीप आदि | 10.00 |

11— निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर में निहित होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

## ई—निविदा का विवरण

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | स्थल | न्यूनतम निर्धारित/अपेक्षित धनराशि | धरोहर धनराशि | कुल निविदा फार्म मूल्य जी0एस0टी0सहित |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहद्दीपुर बस / टैक्सी स्टैण्ड, जीप/टैक्सी/टैम्पों (विक्रम मार्का 6 सीटर) | राजकीय उद्यान (व्ही पार्क के समीप) | 1098900.00 | 110000.00 | 2360.00 |
| 2 | नार्मल टैक्सी स्टैण्ड, जीप/ टैक्सी/टैम्पों (विक्रम मार्का 6 सीटर) | नार्मल तिराहा के पास सड़क के पूर्वी पटरी पर ट्रान्सफार्मर के दक्षिण से नार्मल स्कूल के दक्षिण गेट तक | 1368153.00 | 137000.00 | 2360.00 |

**नगर निगम सीमान्तर्गत स्थिल स्टैण्डों से पार्किग शुल्क वसूली के लाइसेन्स हेतु निविदा की नियम एवं शर्ते—**

1— (क) बिड डाक्युमेन्ट आनलाइन वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक ............... को सायं 4:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा (बिड) आनलाइन http://etender.up.nic.in सबमिट किया जायेगा।

(ख) टेक्निकल (बिड) दिनांक ............... को सायं 4:30 बजे नगर निगम, गोरखपुर के कार्यालय में खोली जायेगी।

(ग) आनलाइन निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट, सर्टिफाइन अर्थारिटी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट का होना तथा उक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

(घ) निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र आनलाइन निविदा भरते समय पोर्टल पर अपलोड किया जाना आवश्यक है। बिड निविदा मूल्य सम्बन्धी योज्य यूटीआर संख्या, पे—इन स्लिप इत्यादि।

II. बिड सिक्योरिटी अनुमन्य धनराशी की योज्य यूटीआर संख्या, पे—इन स्लिप इत्यादि।

III. प्रत्येक बिड्स के साथ निविदादाता को सभी सूचनाए/प्रपत्र की सत्यता के सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र।

IV. चरित्र प्रमाण पत्र।

V. पैन कार्ड एवं अद्यतन ITR

VI. अन्य सभी आवश्यक प्रपत्र

2— उपरोक्त क्रमांक 01 (घ) में उल्लेलित प्रपत्र अपलोड न किये जाने की दशा में निविदा नान—रिसपान्सिव घोषित कर दी जायेगी।

3— निविदादाता प्रपत्र हेतु नान रिफन्डेबुल शुल्क तथा धरोहर धनराशि इण्टरनेट बैंकिंग/RTGS/NEFT के माध्यम से नगर निगम, गोरखपुर के खाता संख्या 100058883207 (IFSC Code INDB0000150) इण्डसइंड बैंक, शाखा—पार्क रोड, गोरखपर में जमा करना अनिवार्य है एवं बैंक जमा साक्ष्य के रूप में योज्य यूटीआर संख्या, पे—इन स्लिप इत्यादि स्लिप टेक्निकल बिड (प्रथम भाग) के साथ ही आनलाइन अपलोड करनी होगी अन्यथा निविदा अवैध माना जायेगी।

4— निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय विड्स खोल जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा सभी आवश्यक प्रपत्र की मूल प्रति लिफाफें में बन्द कर लिफाफे पर बिड्स आई0डी0 नम्बर एवं टेण्डर आई0डी0 नम्बर (जो ई—टेन्डरिग की वेबसाइट पर आनलाइन बिड्स देते समय प्रदर्शित होगा) अंकित करते हुए नगर निगम, गोरखपुर के कार्यालय में

08/7/2020
H.C.

व्यक्तिगत रूप से प्राप्त कराने कार्यवाही की जायेगी। अभिलेख उपलब्ध न कराने की स्थिति में उसका पंजियन निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

5– निविदा प्रपत्र एवं कोई भी जानकारी के लिए सम्बधित कार्यालय नगर निगम, गोरखपुर से किसी भी कार्य दिवसो में प्राप्त की जा सकती है।

6– विशेष परिस्थतयो में निविदा खोलने की तिथि/समय में कोई परिवर्तन होना है तो इसकी सूचना आन–लाइन नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करा दी जायेगी। निविदा की प्रक्रिया आन–लाइन शुरू होने के पश्चात किसी भी लाट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही सिर्फ आन–लाइन होगी, प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात आन–लाइन निविदा के सम्बन्ध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थित में सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

7– प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो का पहले यह निरीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता द्वारा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि, एवं सभी प्रपत्र पर निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर सहित ठीक–ठीक उपलब्ध कराये गये है या नहीं, इनमें किसी प्रकार की कमी या असन्तोषजनक होने की स्थिति में निविदादाता के बिड को **Unresponsive** मानते हुए कोई विचार नहीं किया जायेगा।

8– निविदा फार्म के साथ 10% धनराशि तथा स्वीकृत तिथि से एक सप्ताह के अन्दर स्वीकृत धनराशि (18% जी0एस0टी0 अतिरिक्त) की धनराशि जमा किया जाना आवश्यक होगा। स्वीकृत निविदा की सम्पूर्ण धनराशि स्वीकृत तिथि से एक सप्ताह के निर्धारित अवधि में न जमा करने की स्थिति में जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।

9– स्वीकृत निविदा धनराशि पर उचित मूल्य के स्टैम्प पेपर निविदा स्वीकृत के एक सप्ताह के अन्दर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराना आवश्यक होगा। अन्यथा निविदा निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। अनुबन्ध पत्र में स्टाम्प पेपर यदि घटती–बढ़ती है, तो इसकी देयता सम्बन्धित निविदादाता/ठेकेदार की होगी।

10– निर्धारित स्थलो पर उनके सामने उल्लेखित वाहनो के अलावा अन्य वाहनो का विश्राम निषिद्व होगा।

11– पार्किगं शुल्क नगर निगम, के नियमावली में उल्लिखित दर से वसूली करना होगा तथा प्रत्येक वाहन के लिए रसीद दिया जाना आवश्यक होगा।

12– पार्किगं स्थल पर स्थायी/अस्थायी अतिक्रमण रोकने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

13– ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली किये जाने के कारण यदि ठेका निरस्त होता है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ठेकेदार का होगा।

14– पार्किगं स्थल पर रेट सूची बोर्ड लगाने की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

15– पार्किगं शुल्क वसूली की दरें निम्नवत् है:–

## बस/टैक्सी/पार्किगं शुल्क की दरें रूपये में।

| क्र0सं0 | वाहन का विवरण | दैनिक | साप्ताहिक | मासिक | त्रैमासिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बड़ी बस प्रति | 120.00 | 720.00 | 2640.00 | 7680.00 |
| 2 | मिनी बस प्रति | 90.00 | 540.00 | 1980.00 | 5176.00 |
| 3 | जीप/टैक्सी/टैम्पों विक्रम मार्का 6 सीटर | 60.00 | 360.00 | 1320.00 | 3840.00 |

16– निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर में निहित होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त किया जा सकता है।

**उपरोक्त निविदायें दिनांक 15–06–2020 (मुहरबन्द निविदा) एवं 16–06–2020 (ई–निविदा) को आमंत्रित की गयी थी, परन्तु उक्त निविदाओं में किसी भी निविदादाता/लाईसेन्सी द्वारा प्रतिभाग नही किया गया। पुनः उपरोक्त कार्य की निविदा आमंत्रित करनें हेतु नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 06–07–2020 को स्वीकृति प्रदान की गयी है।**

अतः कृपया उपरोक्तानुसार निविदाओं का सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये जाने की स्वीकृति हेतु पत्रावली नगर आयुक्त महोदय को अग्रसारित करने का कष्ट करें।

08/7/2020
H.C.

9/7/2020
A.C. 1R
Dainik Jagran
Hindustan
08/7